an>

Title: Need to complete the construction of Chipi Airport in Ratnagiri-Sindhudurg Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : अध्यक्ष महोदया, मैं शून्य काल में अपने क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण विषय रख रहा हूं। सिंधुदुर्ग जिले में एयरपोर्ट का निर्माण करने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने 3 सितम्बर, 2008 को प्रिंसिपल एप्रूवल दी। उसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 2013 में पीपीपी स्कीम के माध्यम से एयरपोर्ट का निर्माण करने का काम चालू किया। दुर्भाग्य से तीन वर्ष होने के बाद भी आज तक इस एयरपोर्ट के निर्माण का काम जिस गति से होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है। सौभाग्य से सिंधुदुर्ग जिला टूरिज़्म जिला है। माननीय पंथ प्रधान नरेन्द्र मोदी जी ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत सिंधुदुर्ग जिले को चुना है। लाखों की संख्या में देसी और परदेसी पर्यटक सिंधुदुर्ग जिले में आते हैं, लेकिन सब पर्यटकों को आने के लिए जिस एयरपोर्ट का निर्माण होना चाहिए, उस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

मैं एविएशन मिनिस्ट्री से कहना चाहता हूं कि यह विÂषय राज्य सरकार का है, फिर भी एविएशन मिनिस्ट्री के माध्यम से राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए और जल्दी से जल्दी सिंधुदुर्ग जिले के चिप्पी एयरपोर्ट का काम पूर्ण किया जाए और वहां विमानों का यातायात शुरू हो। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री अरविंद सावंत, डा. हिना विजयकुमार गावीत, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राजन विचारे और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।